प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

24.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

एचआरटीसी

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि इस वर्ष के पहले 8 माह में एचआरटीसी की आय में 63 करोड़ 47 लाख रूपए की वृद्धि दर्ज की गई है। वे आज शिमला में एचआरटीसी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार निगम को हर महीने करीब 60 करोड़ रूपए का अनुदान जारी कर रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने इलैक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए 3 सौ 27 करोड़ रूपए आबंटित किए हैं। मुख्यमंत्री ने यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करने के लिए नए बस अड्डों के निर्माण के निर्देश भी दिए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि एचआरटीसी की ताकत निगम के कर्मचारियों की निपुण कार्यशैली और समर्पण भाव है।

विंटर कार्निवल

दस दिवसीय विंटर कार्निवल आज शिमला में शुरू हुआ। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सांस्कृतिक दलों को हरी झंडी दिखाकर कार्निवल का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अतिथि देवो भव की परम्परा का पालन करते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए 24 घंटे होटल व रेस्तरां खुले रखने के निर्देश दिए गए हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है और विंटर कार्निवल भी उन्हीं में से एक है।

कार्निवल में आज मालरोड़ पर महिलाओं ने महानाटी डाली। इस दौरान प्रदेश की संस्कृति की झलक के साथ–साथ पंजाबी गायक सतिंदर सरताज सहित कई नामी कलाकारों की प्रस्तुतियां कार्निवल के आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। कार्निवल में सौ से ज्यादा फूड स्टॉल और क्राफ्ट मेला भी लगाया गया है।

विक्रमादित्य सिंह

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने राज्य में बर्फबारी से बंद सड़कों को खोलने और बर्फबारी की संभावना को देखते हुए अधिकारियों को अगले पांच दिन तक अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिमला से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से विभाग की समीक्षा बैठक ली और बर्फबारी से बंद सड़कों की रिपोर्ट ली। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि प्रदेश में बर्फबारी से करीब 3 सौ 50 सड़कें अवरूद्ध हो गई थीं जिनमें से 2 सौ 35 को आज खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग ने विभिन्न स्थानों पर कुल 2 सौ 68 मशीनें बर्फबारी से बंद सड़कों को खोलने के लिए तैनात की हैं।

लोकनिर्माण मंत्री ने बताया कि केन्द्रीय सड़क निधि के तहत वर्ष 2024–25 में हिमाचल प्रदेश को एक सौ 10 करोड़ रूपए की धनराशि आबंटित की गई है और सभी कार्यों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त 50 करोड़ रूपए की जरूरत है।

मौसम

प्रदेश में हुई ताज़ा बर्फबारी के बाद जहां पर्यटक और बागवान खुश हैं वहीं लोगों की दिक्कतें भी बढ़ी हैं। बर्फबारी के बाद राज्य में 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों समेत कई सड़कें यातायात के लिए बन्द हो गई हैं जबकि 6 सौ 83 बिजली की लाइन बाधित हैं। शिमला जिले के उपरी इलाकों में सबसे ज्यादा सड़कें बन्द हैं जिन्हें प्रशासन खोलने में जुटा है। इस वर्ष दिसम्बर के महीने में हुई बर्फबारी ने सेब बागवानों के चेहरों पर रौनक लाकर उन्हें अच्छी फसल की उम्मीद जगाई है।

मौसम विभाग ने आज भी राज्य में बर्फबारी और बारिश की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने 26 दिसम्बर तक मैदानी इलाकों में घने कोहरे व शीतलहर का अलर्ट जारी किया है।

मुख्य न्यायाधीश

न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधवालिया को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। इस संबंध में भारत सरकार के सह सचिव जगन्नाथ श्रीनिवासन की ओर से

अधिसूचना जारी की गई है। न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधवालिया वर्तमान में पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।